## रेहरा घाट पर पुल का निर्माण कराने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** मतदाताओं ने गर्रा नदी के रेहरा घाट पर पुल का निर्माण न कराए जाने के चलते विरोध कर केंद्र पर प्रदर्शन किया। कटरा थाना क्षेत्र के गांव रेहरा गांव के प्राथमिक विद्यालय में बने मतदान केंद्र बूथ संख्या 91 पर कुल 590 मतदाताओं में से दोपहर तीन बजे तक एक ने भी मतदान नहीं किया था। रेहरा गांव के लोगों ने मतदान का बहिष्कार कर केंद्र पर प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि गर्रा नदी पर रेहरा घाट के पुल का निर्माण न होने के चलते बहिष्कार किया है। जबकि गर्रा के कुचई घाट पर पुल का निर्माण कार्य चल रहा है। रेहरा घाट पर पुल स्वीकृत होने के बाद भी कार्य शुरू नहीं किया गया है। ग्राम प्रधान इरफान मतदान केंद्र पर पहुंचे और लोगों का समझाने का प्रयास किया। लेकिन उन्होंने तीन बजे तक वोट डालने से मना कर दिया था। पीठासीन अधिकारी असिफ अंसारी ने बताया कि दिन में चार बजे मतदान शुरू हुआ और छह बजे तक 210 वोट पड़ गए थे। प्रदर्शन करने वाले मतदाताओं सोनवती सिंह, कृपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह, सोनपाल सिंह, वीरेंद्र कुमार, वीरेश कुमार आदि थे।

# सड़क, बिजली व छुट्टा पशुओं से परेशान ग्रामीणों ने किया मतदान बहिष्कार

## विकास कार्य न होने से आक्रोशित दिखे लोग, प्रदर्शन कर जताई नाराजगी

बंडा/तिलहर/शाहजहांपुर



कंधरपुर में सुबह 11:15 बजे शुरू हुआ मतदान। ● अमृत विचार



दिउहना गांव में सुबह के समय सुनसान पड़ा मतदान केंद्र।

**अमृत विचार :** विकास कार्य न होने और छुट्टा पशुओं की समस्या को लेकर सोमवार को जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों पर ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार कर प्रदर्शन किया। घंटों तक ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे और वोट नहीं डाला। जानकारी पर जनप्रतिनिधि और अधिकारी समझाने पहुंचे। जिसके बाद कुछ जगह वोट पड़ गए, लेकिन कुछ केंद्रों पर दोपहर बाद कहीं जाकर मतदान शुरू हो सका।

बंडा क्षेत्र के गांव दिउहना के ग्रामीणों ने कहा कि वह आदिवासी की तरह जीवन जी रहे हैं। ठीक से रोड है और न ही अन्य सुविधाएं मिल रही हैं। ऐसे में वह मतदान का बहिष्कार करने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने कीचड़ से भरे मार्ग पर खड़े होकर प्रदर्शन किया। दोपहर बाद एसडीएम पुवायां संजय कुमार पांडेय गांव पहुंचे और ग्रामीणों को

- **बंडा के दिउहना में अधिकारियों व जनप्रतिनिधि के समझाने के बाद दोपहर 3:38 बजे हो पाया शुरू**

समझाया। इसके बाद दोपहर 3:38 बजे कहीं जाकर मतदान शुरू हो सका। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में लगभग 600 वोट हैं। समय सीमा समाप्त होने से दो घंटे पहले मतदान शुरू हुआ है। ऐसे में बहुत कम लोग ही मतदान कर पाएंगे।

इसी तरह दूसरे गांव अखियारपुर धौकल के किसानों ने कहा कि ओलावृष्टि और बारिश में उनकी फसल बर्बाद हो गई। वह लगातार मुआवजे की मांग कर रहे हैं, लेकिन अभी तक उन्हें मुआवजा नहीं मिला है। ऐसे में वह मतदान का बहिष्कार कर रहे हैं। हालांकि अधिकारियों के समझाने के बाद ग्रामीण मान गए और सुबह सवा नौ बजे यहां मतदान शुरू कर दिया।

इसी तरह कंधरपुर गांव में ग्रामीणों ने कहा कि यहां छुट्टा पशुओं की समस्या बहुत बढ़ गई है और प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। बार-बार मांग करने के बाद भी समस्या से छुटकारा नहीं मिला है। ऐसे में वह मतदान बहिष्कार करने को मजबूर हैं। सूचना मिलने के बाद तहसीलदार मनोज कुमार सिंह गांव पहुंचे। उनके समझाने के बाद अपराह्न 11:15 बजे मतदान हुआ शुरू।

इसी तरह राईटांडा गांव के लोगों ने मोबाइल टॉवर न होने को लेकर बहिष्कार किया। हालांकि आधे घंटे बाद राईटांडा में मतदान दोबारा शुरू कर दिया गया। सिर्फ आधे घंटे यहां बहिष्कार रहा।



दिउहना गांव में कीचड़ से भरे मार्ग पर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### पक्का मार्ग बनाने को लेकर अड़े ग्रामीण

तिलहर क्षेत्र के गांव ढकिया शोभा में भी ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग से गांव तक पक्का मार्ग बनाने को लेकर मतदान का बहिष्कार किया। ग्रामीणों ने लिखित आश्वासन मिलने तक मतदान बहिष्कार जारी रखने की बात कही। सुबह 9:30 बजे तक मौके पर कोई भी अधिकारी नहीं पहुंचा। सिर्फ क्षेत्रीय लेखपाल ने गांव में पहुंचकर ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नाकाम रहा। इसके बाद वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव मौके पर पहुंचे। उनके मनाने और लिखित आश्वासन देने के बाद दोपहर 12 बजे मतदान शुरू हो सका।



ग्रामीणों को समझाते पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह। ● अमृत विचार



मिर्जापुर के औरंगाबाद में मतदान का बहिष्कार कर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

# रोड नहीं तो वोट नहीं का बैनर टांग लोगों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, निगोही

**अमृत विचारः** क्षेत्र के गांव कटैया उस्मानपुर के ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया। पोलिंग बूथ पर कर्मचारी मतदाताओं के आने का इंतजार करते रहे लेकिन दोपहर तक मतदान करने कोई नहीं पहुंचा। अधिकारियों के मान मनौव्वल का भी ग्रामीणों पर कोई असर नहीं हुआ।वह मतदान बहिष्कार के निर्णय पर अड़े रहे और वोट नहीं डाला। दोपहर करीब 1:33 बजे तिलहर के नायब तहसीलदार, एआर व बीडीओ के आश्वासन पर मतदान डालने को राजी हुए।

गांव के लोग कई वर्षो से नगर के संपर्क मार्ग को डामरीकृत कराए जाने की मांग कर रहे हैं लेकिन उनकी इस मांग पर जिम्मेदार लोगों ने ध्यान नहीं दिया। लगातार उपेक्षा के बाद मांग पूरी नहीं होने पर ग्रामीणों ने रोड नहीं तो वोट नहीं का नारा देकर शनिवार को



मतदान बहिष्कार की घोषणा के साथ प्रदर्शन करते कटैया उस्मानपुर के ग्रामीण। ● अमृत विचार

मतदान बहिष्कार की चेतावनी दी थी। जिस पर कुछ नेताओं ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों को सड़क निर्माण का भरोसा देकर वोट का महत्व समझाया, तब ग्रामीणों ने बहिष्कार का निर्णय उनके सामने तो वापस ले लिया लेकिन सोमवार सुबह जब सात बजे वोट डालने की बारी आई तो मतदान केंद्र पर कोई भी वोट डालने नहीं पहुंचा, बल्कि गांव

- **कटैया उस्मानपुर के ग्रामीणों ने किया मतदान का बहिष्कार**
- **मान मनौव्वल में जुटे रहे अधिकारी दोपहर डेढ़ बजे से पड़े वोट**

में रोड नहीं तो वोट नहीं का नारा देकर बैनर टांग दिया और प्रदर्शन कर मतदान बहिष्कार कर दिया। दोपहर तक मतदान केंद्र सूना पड़ा रहा।

### वोट डालने नहीं पहुंचा कोई तो किया सूचित

मतदान कर्मी वोटर के आने का इंतजार करते लेकिन कोई नहीं पहुंचा, तब अधिकारियों को सूचित किया लेकिन ग्रामीणों ने अधिकारियों की बात को भी नहीं सुना। दोपहर करीब 1:33 बजे तिलहर के नायब तहसीलदार, एआर व बीडीओ ने गांव पहुंचकर आश्वस्त किया कि चुनाव आचार संहिता हटते ही रोड निर्माण शुरू करा दिया जाएगा। इस आश्वासन पर मतदान डालने को राजी हुए।



गांव की जर्जर सड़क और टूटी पुलिया। ● अमृत विचार

# अतिक्रमण...गांव में नहीं आ पाते बड़े वाहन

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचारः** मिर्जापुर के औरंगाबाद गांव में सड़क पर अतिक्रमण के विरोध में ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया। अधिकारियों के समझाने व लिखित आश्वासन के बाद दोपहर में धीमी गति से मतदान शुरू हुआ। तब कहीं जाकर प्रशासन ने राहत की सांस ली।

मिर्जापुर का औरंगाबाद गांव विकास से अभी भी कोसों दूर है। बूथ संख्या 181 औरंगाबाद 964 वोटर वाले इस गांव में 517 पुरुष व 427 महिला मतदाता है। गांव के लोगों की सबसे बड़ी समस्या पड़ोस के गांव उदयपुर से निकली सड़क किनारे अतिक्रमण है। जिसके चलते गांव तक बड़े वाहन बस व सामान लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली नहीं पहुंच पाती है। ग्रामीणों का कहना है कि गत वर्ष खेतों में लगी आग बुझाने के लिए दमकल की गाड़ी भी नही पहुंच सकी थी, जिससे 100 बीघा से अधिक गेहूं जलकर राख हो गए थे। रविवार को मतदान कर्मियों की बस भी गांव तक नही पहुंची। ग्रामीणों ने उन्हें निजी साधनों से पोलिंग




मतदान स्थल मनदाताओं का इंतजार करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

- **औरंगाबाद में प्रशासन ने दिया लिखित आश्वासन फिर साढ़े बारह बजे धीमी गति से शुरू हुआ मतदान**

बूथ तक पहुंचाया। सड़क पर अतिक्रमण की समस्या से परेशान ग्रामीणों ने सोमवार को मतदान बहिष्कार का ऐलान कर दिया। सूचना पर कलान तहसीलदार अजहर अंसारी, जलालाबाद तहसीलदार , एसओ मिर्जापुर विनोद तोमर समेत कई लोग ग्रामीणों को समझाने पहुंचे। काफी समझाने के बाद अतिक्रमणकारी जुग्गन खां व चुन्ने खां पर धारा 167 की कार्रवाई के बाद ग्रामीण वोट डालने के लिए राजी हुए।



मतदान के बाद अंगुली में लगी स्याही दिखातीं प्रधान इंदु वर्मा।

अधिकांश मतदाता वोट डालने के लिए मना कर रहे थे और डीएम के बुलाने की मांग कर रहे थे। प्रधान इंदू वर्मा ने अपने पति के साथ मतदान कर वोट डालने की शुरूआत कराई।

# अहमदनगर में दोपहर तक पड़े मात्र चार वोट

संवाददाता, रोजा

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव अहमदनगर में तय समय जैसे ही मतदान शुरू हुआ, तभी ग्रामीणों ने बैठक कर मतदान का बहिष्कार करने का निर्णय लिया। दोपहर बारह बजे तक मात्र चार मत ही पड़ पाए।

मतदान के बहिष्कार की सूचना मिलते ही एसडीएम सदर व सीओ सदर सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने ग्रामीणों से वार्ता कर समझा बुझाकर मतदान करने की अपील की। ग्रामीणों की मांग थी। क्षेत्र में छुट्टा जानवरों के चलते काफी परेशान हैं। उन्हें रात-रात भर खेतों की रखवाली करनी पड़ती हैं। छुट्टा



मतदान का विरोध करते अहमदनगर के ग्रामीण। ● अमृत विचार

- **बोले ग्रामीण- रात भर करते हैं खेतों की रखवाली, मिलता है बस आश्वासन**

जानवरों से छुटकारा दिलाने का आश्वासन तो सभी देते हैं मगर कोई कार्रवाई नहीं होती है। दोपहर बाद राजनैतिक दल के नेताओं के आश्वासन के बाद एक बजे मतदान शुरू हो गया। वहीं निघोना मकरंदपुर में धूप से बचाने के लिए टेंट लगाया गया था, इसके बाद भी दोपहर में मतदाता कम पहुंचे।



निघोना मकरंदपुर में सूना पड़ा मतदान केंद्र।



अहमदनगर का सूना पड़ा केंद्र।

# पांच वोट पड़े, अधिकारियों के जाते ही बंद हो गई वोटिंग

संवाददाता, जैतीपुर

**अमृत विचार :** क्षेत्र के दो गांवों किरतपुर बिहारीपुर और मौघटा के ग्रामीणों ने बुनियादी समस्याओं का समाधान नहीं होने पर मतदान का बहिष्कार कर दिया। कीरतपुर बिहारीपुर में सुबह दस बजे एक वोट डाला गया। इसके बाद किसी ने वोट नहीं डाला।

दोनों गांवों में मतदान बहिष्कार की सूचना पर एसडीएम कलान महेश कुमार कैथल, जैतीपुर बीडीओ मनीश दत्त, सीओ तिलहर प्रयांक जैन गांव पहुंचे। अधिकारियों के आश्वासन पर 12:30 बजे कीरतपुर में मतदान शुरू कर दिया गया। जबकि मौघटा में शाम चार बजे अधिकारी मतदान शुरू करा पाए। अधिकारियों की मौजूदगी में पांच वोट पड़ पाए, जैसे ही अधिकारी रवाना हुए, तभी फिर वोटिंग बंद हो गई। मौघटा में दोबारा खंड विकास अधिकारी मनीष दत्त पहुंचे, तब 5:30 बजे मतदान शुरू हुआ। ग्रामीणों का



मतदान बहिष्कार की घोषणा के बाद एकत्र मौघटा के ग्रामीण। ● अमृत विचार

- **मौघटा और कीरतपुर-बिहारीपुर में भी किया गया बहिष्कार**

कहना है कि पिपरथा मार्ग से बीच गांव से होते हुए मौघटिया मार्ग तक जर्जर सड़क बनवाई जाए, ध्वस्त बिजली केबिल और ट्रांसफॉर्मर को सही कराया जाए। गोशाला नहीं होने से छुट्टा पशु फसलें बर्बाद कर रहे हैं। प्राइमरी स्कूल जाने के लिए रास्ता बनवाया जाए और जूनियर हाईस्कूल खुलवाया जाए। गांव की गलियों में रोड और नाली का निर्माण कराया जाए। गांव मौघटा में 1100 और कीरतपुर बिहारीपुर में 677 मतदाता हैं। ग्रामीणों का कहना था कि जब जनप्रतिनिधि गांव में विकास नहीं कराते तो उनके लिए मतदान क्यों करें। जनप्रतिनिधियों से लेकर जिम्मेदार अधिकारी तक उनकी इन समस्याओं को नजरअंदाज करते रहे।

मतदान बहिष्कार की घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजा। बहिष्कार में रामकुमार, पिंटू, रंजीत कुमार, परमेश्वरी देवी, रामलखन, जितेंद्र कुमार, रूम सिंह, लालबहादुर, सुखपाल आदि लोग थे।

## बहिष्कार संबंधी बैनर टांगने के बाद 45 लोगों के चालान होने पर ग्रामीण नाराज

**खुटार।** सड़क नही बनने से नाराज राठ के ग्रामीणों ने सोमवार को लोकसभा चुनाव में वोट डालने से मना कर दिया। भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बमुश्किल समझाया, तब मतदाताओं ने वोट डालना शुरू किया। ग्राम पंचायत राठ में रहने वाले ग्रामीणों ने एक माह पहले खुटार से गांव के किनारे से होकर मोहम्मदी के लिए जाने वाले जर्जर संपर्क मार्ग को बनवाने की मांग को लेकर मतदान का बहिष्कार करने की बात कहते हुए गांव में बैनर टांग दिया था। जिसे समाचार पत्रों ने प्रकाशित किया था। जिसके बाद पुलिस ने गांव में रहने वाले करीब 45 लोगों के खिलाफ शांति भंग की धारा में चालान करते हुए 107/116 में सभी को पाबंद कर दिया था। इससे ग्रामीण नाराज थे। सोमवार को जब मतदान का समय आया, तो कोई भी ग्रामीण अपने मत का प्रयोग करने गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय में बूथ में नहीं पहुंचा। सुबह 10 बजे तक जब कोई भी ग्रामीण वोट डालने के लिए नहीं पहुंचा, तो मतदान कर्मियों के साथ ही बीडीओ वीरेंद्र मिश्रा ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों को समझाकर मतदान करने की बात कही। इसके बाद ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय शंकर अवस्थी सोनू, राम प्रकाश मिश्रा, देवनारायण मिश्रा आदि के समझाने पर काफी देर बाद माने और 10:30 बजे के करीब मतदान करना शुरू किया।



विरोध-प्रदर्शन करते राठ के ग्रामीण। ● अमृत विचार










शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई



गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877


# जिले में 53.34 प्रतिशत मतदान, 10 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में बंद

## कटरा में 52.6, जलालाबाद में 52.65, तिलहर में 54.15 प्रतिशत पड़े वोट, दिन चढ़ते बढ़ा प्रतिशत, बूथों पर पहुंचते रहे अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के लिए सोमवार को जिले में कुल 53.34 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। शाहजहांपुर नगर निगम मतदान केंद्र पर पार्षद के बेटे और पुलिस कर्मियों के बीच हाथापाई के मामले को छोड़ दें तो और कहीं से हिंसा की खबर नहीं आई। मतदान बहिष्कार को लेकर कुछ जगह हंगामा हुआ, लेकिन सभी जगह शाम तक मतदान सुचारू हो गया। सपा प्रत्याशी ने ईवीएम में गड़बड़ी का आरोप लगाया। सुरक्षा और निष्पक्ष मतदान की दृष्टि से डीएम उमेश प्रताप सिंह और एसपी अशोक कुमार मीणा लगातार राउंड पर रहे। सबसे ज्यादा 58.66 प्रतिशत मतदान ददरौल विधान सभा और सबसे कम 47.1 प्रतिशत मतदान शाहजहांपुर शहर में हुआ।

सोमवार सुबह सात बजे जिले के 2481 बूथों पर मतदान काफी धीमी गति से शुरू हुआ। पहले 2 घंटे में मतदान प्रतिशत केवल 12.35 प्रतिशत रहा। सबसे ज्यादा कम मतदान शुरूआत से ही शहर विधानसभा में देखने को मिला। यहां सुबह 9 बजे तक मात्र 10.8 प्रतिशत मतदान हुआ। जबकि कटरा में 12.62, जलालाबाद में 12.11, तिलहर में 12.56, पुवायां में 12.81 और ददरौल में 12.8 प्रतिशत मतदान हो चुका था। मतदान शुरू होने के साथ ही जिले से ईवीएम व वीवी पैठ खराब होने की सूचनाएं आने लगीं। मौसम सुहाना होने के बाद भी मतदान प्रतिशत कछुआ चाल से आगे बढ़ा। जगह-जगह से मतदान के बहिष्कार की खबरें आईं। शुरुआती 4 घंटे तक कई गांव में ग्रामीण मतदान न करने पर अड़े रहे। और जनप्रतिनिधि और अधिकारी उन्हें मनाने में लग रहे।

लगातार आ रहीं मतदान बहिष्कार की खबरों ने प्रशासन को बेचैन किया। अधिकारी लगातार बहिष्कार वाले गांवों में कैंप किए रहे। सारी दुश्वारिसों के बाद जिले में 11 बजे तक 25.9 प्रतिशत मतदान हो चुका था। इसी तरह दोपहर एक बजे तक 36.38, 3:00 बजे तक 44.26, शाम 5:00 बजे तक 51.32 और शाम 6:00 बजे तक 53.34 प्रतिशत मतदान हुआ। कुल 55.68 प्रतिशत पुरुष और 50.63 प्रतिशत महिलाओं ने मतदान किया। जबकि 8.57 प्रतिशत ट्रांसजेंडर ने भी मताधिकार का प्रयोग किया। 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में 56.2 प्रतिशत वोटिंग हुई थी।

**अहमदनगर में शाम 8:45 बजे खत्म हुआ मतदान : रोजा।** बूथ संख्या 430 पर 1147 मतों में से मात्र 668 मत पड़े। ग्रामीणों ने छुट्टा पशुओं की समस्या को लेकर सोमवार सुबह 7:00 से ही बहिष्कार कर दिया था। एसडीएम, सीओ सहित कई अधिकारी पहुंचे और मतदान की अपील की। तब कहीं जाकर 12:00 के बाद मतदान शुरू हुआ जो रात 8:45 पर खत्म हो पाया।

- **पुवायां में 56.11, शाहजहांपुर में 47.1 और ददरौल विधानसभा में 58.6 प्रतिशत मतदान**



शहर के एक मतदान केंद्र पर मतदान करने के लिए कतार में लगे बड़ी संख्या में महिला और पुरुष मतदाता। ● अमृत विचार

### जिले में यह है मतदाताओं की संख्या

| विधान सभा | कुल मतदाता | पुरुष | महिला | तृतीय लिंग |
|---|---|---|---|---|
| कटरा | 355104 | 193038 | 162042 | 24 |
| जलालाबाद | 384226 | 209017 | 175201 | 08 |
| तिलहर | 378775 | 201817 | 176944 | 14 |
| पुवायां | 408988 | 216718 | 192257 | 13 |
| शाहजहांपुर | 430990 | 230489 | 200462 | 39 |
| ददरौल | 373751 | 200263 | 173436 | 52 |
| कुल | 2331834 | 1251342 | 1080342 | 150 |

### एक्स पर किया पोस्ट...पुलिस मतदाताओं को सपा को वोट डालने से रोक रही

सपा ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि कटरा विधानसभा की ग्राम नन्यूरा में बूथ संख्या 368 पर पुलिस लोगों को वोट डालने से रोक रही है। समाजवादी पार्टी के अधिकृत एक्स हैंडल से इलेक्शन कमीशन और डीएम शाहजहांपुर को शिकायत कर संज्ञान लेने की अपील की गई। सीओ तिलहर प्रयांक जैन ने बताया कि सुबह सूचना मिलने पर मदनापुर के थाना प्रभारी को मौके पर भेजा था। इस तरह का कोई मामला नहीं है। वहां पर मतदान शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा है।

### कहीं और जा रहा हमारी पार्टी का वोटः ज्योत्सना

शाहजहांपुर लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी ज्योत्सना कश्यप ने चुनाव में गड़बड़ी होने का आरोप लगाया है। ज्योत्सना कश्यप ने सोमवार सुबह पोलिंग बूथों के निरीक्षण के बाद कहा कि कुछ जगहों पर मतदान सुचारू रूप से नहीं चल पा रहा है। मतदाता सूची और ईवीएम में गड़बड़ी की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि वोट हमारी पार्टी को पड़ रहा है, लेकिन जा कहीं और रहा है। सपा प्रत्याशी ने कहा कि इस बार लोगों के पास कई मुद्दे हैं, जिनको लेकर मतदाता वोट कर रहे हैं। लोग मतदान को लेकर सजग हुए हैं। शुरूआती मतदान प्रतिशत को अच्छा बताया। सपा ने मतदान के दौरान पुलिस पर वोटरों को मतदान से रोकने और अभद्रता करने का आरोप लगाया था। वहीं सपा ने ददरौल में बूथ संख्या 430 पर भाजपा प्रत्याशी के भाई पर प्रचार कर मतदान प्रभावित करने का भी आरोप लगाया। इसके साथ ही पुवायां में बूथ संख्या 122 पर भाजपा के लोगों द्वारा मतदाताओं पर भाजपा को वोट देने के लिए दबाव बनाए जाने का आरोप लगाया।

### ...तो 2.86 प्रतिशत घटा मतदान

इस चुनाव में बीते चुनाव से भी मतदान प्रतिशत घट गया। बीते चुनाव में जहां 56 .2 प्रतिशत मतदान हुआ था वहीं इस बार 53 .34 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। शहरी मतदाता खासतौर पर फिसड्डी साबित हुए। 2009 के लोकसभा चुनाव में केवल 48 .84 प्रतिशत ही मतदान हुआ था। इसमें शहरी क्षेत्र में सबसे कम मात्र 38 .92 फीसदी वोटिंग हुई थी। 2014 के लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत कुछ सुधरा लेकिन 57 . 04 प्रतिशत तक ही पहुंच सका। शहर में सबसे कम 50 .08 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। 2019 के आम चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ने की बजाय नीचे गिर गया था। कुल 55 .85 प्रतिशत मतदान हुआ था। शहर में सबसे कम 50 .47 प्रतिशत मतदान रहा।

### याद आया 1984 का सर्वाधिक मतदान

सबसे अधिक मतदान 1984 में हुआ था। तब 61 .36 प्रतिशत मतदान हुआ था। 1999 में थोड़े कम 60 .47 फीसदी मतदाता अपना वोट डालने पहुंचे थे। सबसे कम मतदान 1962 में हुआ था। तब महज 41 .38 प्रतिशत वोटरों ने मतदान किया था। अब मौका है जब सर्वाधिक मतदान के पिछले सारे रिकार्ड ध्वस्त कर सकते हैं।

## भाजपा को वोट डलवाने से मना करने पर पीटने का आरोप



**सिधौली।** ग्राम पंचायत के पिंटू वर्मा के छोटे भाई बीपी वर्मा ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया कि वह कस्बे में पेट्रोल पंप के पास अपनी गाड़ी का पंचर जुड़वा रहे थे। इसी दौरान एक कथित फौजी आया और उसने कहा कि तुम गांव के प्रधान हो, भाजपा के लिए वोट दो और दिलवाओ। जब बीपी ने कहा कि मतदान हमारा हक है, जो जिसे चाहे उसे मतदान करे। वह किसी से कुछ नहीं कह सकते। तभी आरोपी ने गाली गलौज के साथ बीपी के साथ मारपीट की। बीपी ने बताया कि आरोपी ने भाजपा को वोट नहीं दिलवाने पर जान से मार देने और कस्बे में नहीं रहने देने की धमकी दी।



वोट डालने के बाद अंगुली पर स्याही दिखाते वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना व अन्य। ● अमृत विचार

## रोजा और निगोही में ईवीएम हुई खराब, मतदान प्रभावित



तहसील मुख्यालय पर बने कंट्रोल रूम में निगरानी करते अधिकारी। ● अमृत विचार

**रोजा/ निगोही।** रोजा के कटिया कम्मू में ईवीएम में खराबी के चलते मतदान शुरू होने में एक घंटे की देरी हुई। सेक्टर मजिस्ट्रेट ने मौके पर पहुंच कर खराब ईवीएम बदलवाकर मतदान शुरू कराया। वहीं जमुका में भी एक बूथ पर ईवीएम के केबिल में खराबी आने से आधा घंटा मतदान बंद रहा। सूचना पर इंजीनियर ने बूथ पर पहुंच कर केबिल बदलकर मतदान शुरू करवा दिया। रोजा क्षेत्र में लोकसभा व ददरौल विधानसभा उपचुनाव को लेकर पर मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक हुआ। सुबह से मौसम अच्छा होने पर मतदाता घरों से निकले और मतदान किया। जैसे जैसे धूप और गर्मी बढ़ती गई। मतदान के प्रतिशत में गिरावट आती गई। मतदान के लिए युवाओं में वोट करने के लिए उत्साह दिखाई दिया। शाम पांच बजे के बाद अधिकतर बूथ खाली नजर आए। डीएम व एसएसपी ने भी क्षेत्र का दौरा किया। वहीं लोकसभा व ददरौल विधानसभा के उपचुनाव को लेकर इस बार युवा मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। निगोही। संडा खास गांव में ईवीएम मशीन खराब होने की वजह से मतदान एक घंटा 30 मिनट बंद रहा। आठ बजे से लेकर 9 :30 बजे तक बूथ संख्या 131 और 132 पर मतदान नहीं किया जा सका। ईवीएम में सुधार होने पर मतदान शुरू हुआ। ऐसे

**तीन मतदान स्थलों पर बदली गई ईवीएम : पुवायां।** विधानसभा क्षेत्र में तीन मतदान स्थलों 435, 437 पर मॉक पोल के दौरान कंट्रोल यूनिट बदली गई, जबकि नगर के बूथ 371 सरस्वती शिशु मंदिर में बीबीपैट बदला गया। कंट्रोल रूम में मौजूद नायब तहसीलदार सगीर अहमद ने बताया क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न हुआ 109 कर्मचारी अतिरिक्त में मिले थे धारा गांव में पीठासीन अधिकारी हिमांशु शर्मा ने अतिरिक्त कर्मचारियों की मांग की थी इसके बाद मना कर दिया।

**मरथरा मतदान केंद्र पर ईवीएम खराब, एक घंटे बंद रहा मतदान : कलान।** क्षेत्र के मतदान केंद्र मरथरा में ईवीएम खराब हो जाने के कारण एक घंटे तक मतदान प्रभावित रहा। थाना क्षेत्र के मरथरा गांव में मतदान केंद्र पर बूथ संख्या 73 व 74 पर लगी ईवीएम मशीन लगभग 2 :30 बजे खराब हो गई दोनों मशीनों के खराब हो जाने से मतदान के लिए आए मतदाताओं को मतदान करने के लिए काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। पीठासीन अधिकारी द्वारा इसकी सूचना सेक्टर मजिस्ट्रेट को दी गई। सूचना पर सेक्टर मजिस्ट्रेट द्वारा मशीनें बदलवाई गईं तब जाकर एक घंटे बाद मतदान शुरू कराया जा सका।

### मतदान केंद्र पर पार्षद के बेटे की पुलिस से हाथापाई

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** नगर निगम के मतदान केंद्र पर पार्षद के बेटे की सिपाहियों से हाथापाई हो गई। इसको लेकर हंगामा हो गया। सूचना पर पहुंचे अधिकारियों ने समझा-बुझाकर दोनों पक्षों को शांत किया। नगर निगम के पार्षद जगदीश कुशवाह के पुत्र अंकित कुशवाह सोमवार की शाम पांच बजे नगर निगम मतदान केंद्र परिसर में स्कूटी लेकर चले गए। डयूटी पर तैनात सिपाहियों ने स्कूटी हटाने के लिए कहा गया। इसको लेकर पार्षद के बेटे नाराज हो गए। दरोगा और सिपाही भी गुस्से में आ गए। इसके बाद पार्षद के बेटे की सिपाहियों से हाथापाई हो गई। खबर सुनकर पार्षद जगदीश कुशवाह अपने साथियों के साथ नगर निगम मतदान केंद्र पर पहुंच गए और हंगामा करने लगे। इस दौरान पार्षद की पुलिस कर्मचारियों से नोकझोंक हुई। सूचना पर सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह फोर्स के साथ पहुंचे और पार्षद व उसके बेटे को शांत कराया।

### बूथ पर पार्टी का स्टीकर लगाकर पहुंचने पर किया हंगामा

**शाहजहांपुर।** मतदान केंद्र पर भाजपा की स्टीकर लगी बोलेरो को देखकर ग्रमीणों ने हंगामा कर दिया और बोलेरो को रोक लिया। लोकसभा की कटरा विधानसभा के नन्यूरा मतदान केंद्र पर बोलेरो मतदान केंद्र पर बूथ संख्या 368 पर पहुंची। बोलेरो में भाजपा का स्टीकर लगा हुआ था। भाजपा का स्टीकर लगा देखकर मतदान केंद्र के बाहर लोगों ने बोलेरो को रोक लिया और हंगामा शुरु कर दिया। मतदाताओं का आरोप था कि पार्टी का स्टीकर लगी गाड़ी यहां कैसे पहुंच गई। मतदाताओं ने उसमें सवार लोगों को खींचना शुरू कर दिया। कटरा थाना प्रभारी गौरव सिंह पहुंचे और लोगों को शांत कराकर स्टीकर उतार कर फेंक दिया और कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## एडीजी ने बूथों का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** बरेली जोन बरेली के अपर पुलिस महानिदेशक पीसी मीणा ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत जिले की विभिन्न पोलिंग बूथों का निरीक्षण करके सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

अपर पुलिस महानिदेशक पीसी मीणा ने सोमवार को कटरा विधान सभा, तिलहर विधान सभा, ददरौज विधान सभा, शहर विधान सभा में विभिन्न पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने डयूटी पर तैनात कर्मचारियों को निर्देश दिए कि चुनाव आयोग के आंचार संहिता का पालन किया जाए। वोट डालने के बाद वोटर मतदान केंद्र पर नहीं रुकना चाहिए और फालतू लोगों की भीड़ न लगे। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए एडीजी पीसी मीणा ने शांतिपूर्ण तरीके से निर्वाचन कराने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के समय एसपी अशोक कुमार मीणा, एएसपी ग्रामीण मनोज कुमार सीओ आदि थे।

**डीएम तथा एसपी ने बूथों का किया निरीक्षण : शाहजहांपुर।** सोमवार को जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत डीएम उमेश प्रताप सिंह, एसपी अशोक कुमार मीणा ने जिले के निर्वाचन कंट्रोल रुम तथा विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। दोनों अधिकारियों ने शांतिपूर्ण तरीके से निर्वाचन कराने के लिए संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान दोनों अधिकारियों के साथ पुलिस फोर्स की गाड़ियां चल रही थी। वहीं डीएम और एसपी खुटार के काकोरी शहीद इंटर कॉलेज पहुंच कर जायजा लिया। जहां चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से रहा। इसके बाद डीएम और एसपी ने पुलिस कर्मियों के साथ ही ब्लॉक, प्राथमिक विद्यालय एक और अन्य ग्रामीणों में बने बूथों का निरीक्षण किया। भाजपा प्रत्याशी अरूण कुमार सागर ने भी खुटार पहुंच कर पदाधिकारियों के साथ केंद्र देखे।



कांट में बूथ का निरीक्षण करने पहुंचे एडीजी पीसी मीणा, साथ में एएसपी सिटी संजय कुमार।



खुटार के ब्लॉक परिसर व काकोरी शहीद इंटर कॉलेज में निरीक्षण करते डीएम उमेश प्रताप व एसपी अशोक कुमार मीणा। ● अमृत विचार

## लिस्ट में ढूंढते रहे नाम, बिना वोट डाले मायूस लौटे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** तमाम युवा ऐसे थे, जिन्हें पहली बार मतदान करने जाना था। घर से बड़े उत्साह के साथ वोट डालने निकले थे। मतदान केंद्र के पास विभिन्न पार्टियों का बस्ता लिए बैठे लोगों के पास पहुंचे और वोटर लिस्ट में नाम तलाश करने की कवायद शुरू हुई।

काफी खोजने के बाद पुवायां में पुवायां इंटर कॉलेज में बनाए गए मतदान केंद्र पर वोट डालने पहुंचे अतुल नाम के युवा को अपना नाम वोटर लिस्ट में दिखाई दिया तो चेहरे पर खुशी आई लेकिन कुछ ही पल में उसकी खुशी काफूर हो गई क्योंकि उसमें उसके पिता के नाम पर दूसरा नाम लिखा था। फिर वह काफी देर तक लिस्ट में नाम तलाश करता रहे लेकिन उसे अपना नाम नहीं मिल पाया। राधिका भी अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहती थी लेकिन लिस्ट में उसका भी नाम नजर नहीं गई। इसी तरह तमाम युवा ऐसे थे, जो वोटर लिस्ट में नाम नहीं मिलने पर बिना वोट डाले मायूस होकर लौट गए।



पुवायां में वोटर लिस्ट में नाम ढूंढते मतदाता। ● अमृत विचार

### कलान में फर्जी मतदान को लेकर हुई नोंकझोंक

**कलान।** फर्जी मतदान को लेकर भाजपा प्रत्याशी के एजेंट व सपा के एजेंट में नोकझोंक हो गई। भाजपा के एजेंट ने आरोप एक कर्मचारी पर फर्जी मतदान कराने का लगाया। क्षेत्र के विक्रमपुर मतदान केंद्र पर एक बूथ पर बीजेपी प्रत्याशी के एजेंट द्वारा फर्जी मतदान करने का आरोप लगाते हुए कुछ मतदाताओं का विरोध किया। इस बात को लेकर समाजवादी पार्टी उम्मीदवार के एजेंट से कहासुनी होने लगी। दोनों एजेंटों के बीच नोंकझोक हुई। फर्जी मतदान कराए जाने का आरोप लगाते हुए इसकी सूचना भाजपा जिला महामंत्री रमाकांत मिश्रा ने उप जिलाधिकारी व सीओ को दी लेकिन अधिकारियों के पहुंचने से पहले ही मामला शांत हो गया।

### पर्ची न मिलने से परेशान हुए मतदाता

**अल्हागंज।** मतदाताओं तक पर्ची पहुंचाने की लचर व्यवस्था की वजह से वोट डालने के लिए मतदाता भटकते रहे। निराश होकर उन्हें बिना वोट डाले ही वापस जाना पड़ा। जिसके चलते मतदान प्रतिशत कम होने की आशंका व्यक्त की जाने लगी है। कस्बे के ही रहने वाले अरविंद गुप्ता अपना और अपनी पत्नी सोनी की पर्ची ढूंढते रहे, लेकिन उन्हें नहीं मिल पाई। बीएलओ ने भी कोई मदद नहीं की। नियमों के मुताबिक प्रत्येक मतदाता की पर्ची उसके घर पहुंचने की जिम्मेदारी बीएलओ की होती है, लेकिन तमाम लोगों की मत पर्चियां उन तक नहीं पहुंची।

### ऑनलाइन चेक किया तो मिली पर्ची

जिन लोगों के घर किन्हीं कारणों से पर्ची नहीं पहुंच पाई, उन्हें पर्ची पाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। वोटर लिस्ट में नाम नहीं मिल पा रहा था और उन्हें मतदान के बाद काम पर जाने की भी जल्दी थी। जिन लोगों के पास पुरानी आईडी थी, उस नंबर को ऑनलाइन सर्च करने पर पर्ची निकल पाई। इसके बावजूद तमाम ऐसे लोग थे, जो पर्ची नहीं मिल पाने से बिना मतदान किए लौट गए।

### 12 बजे तक भीड़ उसके बाद सन्नाटा

दोपहर एक बजे से दिन में चार बजे तक बूथों पर एक आध मतदाता वोट डालने के लिए आ रहे थे। सुबह छह बजे कार्यकर्ताओं ने अपने बिस्तर डाल दिए थे। 12 बजे तक बिस्तर पर भीड़ रही। उसके बाद सन्नाटा छा गया। कार्यकर्ता बिस्तर पर वोटरों का आने इंतजार करते रहे। कुछ वोटरों ने आरोप लगाया कि उसके परिवार के कुछ वोट कटे हुए थे। साथ आधार कार्ड न होने पर वोट नहीं डालने दिया। शहर में प्रतिशत कम होने का कारण कार्यकर्ताओं द्वारा वोटरों को घरों से नहीं निकालना रहा।

### खास लोगों ने किया मतदान



मतदान करने के बाद अंगुली पर लगी स्याही दिखाते पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद।



एसपीएन इंटर कॉलेज में वोट डालने के बाद निकलते सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर।



सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खान और लोकसभा प्रत्याशी ज्योत्सना कश्यप ने किया मतदान।



सुदामा प्रसाद के केंद्र पर वोट डालने के बाद निकलते पूर्व एमएलसी जयेश प्रसाद व पत्नी।



स्याही दिखातीं मेयर अर्चना वर्मा।



सांसद अरुण सागर के पुत्र अभिषेक सागर।

## 12वीं के मेधावी छात्र-छात्रायें


स्कंद सिंह | अनमोल सिंह | आयुष सिंह


अलव्या वाजपेयी | मधुसूदन | समीक्षा


सुखमनी सराय | सेवा सिंह | यश पटेल


मन्नत | देवांश मिश्रा | हरमन सिंह


नैंसी अवस्थी | शेखर शुक्ला | सुखमनप्रीत कौर

## 10वीं के मेधावी छात्र-छात्रायें


पावनी अग्रवाल | दिव्यांशी | आदित्य


अदिति | पायल शुक्ला | ओजस्वी गुप्ता


अर्नव सिंह | अनुष्का | आशी


अक्षरा बी | अनर्व देव | खुशी शुक्ला


मायरा गौतम | रवनीत कौर | शेखर शुक्ला


सिद्धार्थ वर्मा | तन्मय मिश्रा | उत्कर्ष


शुभ पांडे | अनन्श सिंह | सार्थक गुप्ता

# कैंब्रिज कान्वेंट के छात्र छात्राओं ने लहराया सफलता का परचम

- 10वीं में पावनी अग्रवाल और 12वीं में स्कंद ने किया कैंब्रिज में टॉप


प्रेरणास्रोत
स्व. विपिन कुमार अग्रवाल
(संस्थापक)



परीक्षा परिणाम आने के बाद प्रबंधन के साथ खुशी मनाते कैंब्रिज के छात्र-छात्रायें।

**पुवायां।** पुवायां के कैंब्रिज कॉन्वेंट स्कूल में दसवीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही छात्र छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गयी। कक्षा दस में स्कूल की छात्रा पावनी अग्रवाल ने 98.2 और कक्षा 12 में स्कंद सिंह ने 95.2 प्रतिशत अंको के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त करने का गौरव प्राप्त किया है। 12वीं में अनमोल कुमार ने 93.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान एवं मधुसूदन मिश्रा ने 90.2 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहने का गौरव प्राप्त किया है। दसवीं की परीक्षा में भी दिव्यांशी 96 प्रतिशत के साथ द्वितीय, आद्या दीक्षित 95.8 प्रतिशत के साथ तृतीय, अर्णव सिंह 95.4 प्रतिशत के साथ चतुर्थ और रूपनदीप कौर 95 प्रतिशत अंको के साथ पांचवे स्थान पर रहे।

सफल हुए छात्र-छात्राओं को शिक्षकों ने तिलक लगाकर और मिष्ठान खिलाकर भविष्य में इसी तरह आगे बढ़ने का आशीर्वाद प्रदान किया। खुशी के इस मौके पर छात्र छात्राओ ने एक दूसरे के गले मिलकर और पटाखे छुड़ाकर खुशी का इजहार प्रकट किया। छात्र छात्राओं को अपने परीक्षा परिणाम का बेसब्री से कई दिनों से इंतजार था। छात्र ही नही बल्कि अभिभावक, शिक्षक और स्कूल प्रबंधन भी परीक्षा परिणाम को लेकर उत्सुक थे। परीक्षा परिणाम आते ही छात्र छात्राओं के मन में एक उत्सव का माहौल बन गया।

अच्छा परिणाम देख बच्चों के साथ साथ उनके माता-पिता भी हर्षोल्लास से भर गए। इस बार बेहतर परीक्षा परिणाम को लेकर विद्यार्थियों में अच्छा-खास उत्साह देखने को मिला। परीक्षा परिणाम को लेकर, छात्रों-छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गयी। स्कूल की कोआर्डीनेटर सुरेखा दीक्षित, राहुल देव, अर्शी खान और शिक्षक मयंक शुक्ला, इकबाल, रामपाल गंगवार, दीपक कश्यप एवं समस्त स्टाफ ने छात्र-छात्राओं को मिष्ठान खिलाकर एवं माला पहनाकर बधाई दी। स्कूल की प्रधानाचार्या अनुश्रिता सिंह ने छात्र छात्राओं के कठिन परिश्रम की सराहना करते हुए उन्हें बधाई एवं आशीर्वाद प्रदान किया।

स्कूल के प्रबंधक रचित अग्रवाल और सह प्रबंधक विनायक अग्रवाल ने छात्र छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि आज छात्र छात्राओं के कठिन परिश्रम एवं लगन ने उन्हें सकारात्मक सफलता प्रदान की है। स्कूल प्रबंधन ने छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आज का दिन स्कूल परिवार के लिए गौरव का दिन है। आज कैंब्रिज परिवार के मुखिया विपिन अग्रवाल का सपना "छात्रों के उज्जवल भविष्य का निर्माण करना" साकार होता हुआ नजर आ रहा है।

## अभिभावकों के आत्मविश्वास की ताकत से बनाई गरिमामयी पहचान



कैंब्रिज कॉन्वेंट परिवार आपके प्यार और विश्वास की ताकत अपने सम्मानित अभिभावकों, सदस्यों, सहयोगियों, शुभचिंतको और अपने परिवार के निरंतर विश्वास तथा सतत सहयोग के बल पर विगत 25 वर्षों में कैंब्रिज परिवार ने जो गौरव हासिल किया है वह असाधारण ही नहीं अप्रत्याशित भी है। यह हमारे अभिभावकों के आत्मविश्वास की ताकत है कि तमाम झंझावतो के बावजूद कैंब्रिज कॉन्वेंट स्कूल ने बरेली मंडल में अनुशासन और शिक्षा के क्षेत्र में एक अलग गरिमामयी पहचान बनाई है। आपके सहयोग और विश्वास, प्यार के बल पर कैंब्रिज परिवार आज बरेली मंडल में शिक्षा के क्षेत्र में एक मील का पत्थर बन चुका है। कैंब्रिज कॉन्वेंट स्कूल से 12वीं पास करके छात्र - छात्राएं सामाजिक कार्य सेवाएं, मेडिकल, सरकारी सेवाएं तथा न्याय कार्य सेवाएं करके देश-विदेश में अपना परचम लहरा रहे हैं और अपनी शिक्षा के माध्यम से देश सेवा कर अपने स्कूल और पुवायां का नाम रोशन कर रहे हैं। आप सभी सम्मानितजन के प्रति कैंब्रिज परिवार दिल की गहराइयों से आभार व्यक्त करता है और आपके सहयोग को नमन करता है। आज भारत तेजी के साथ विकसित राष्ट्र की श्रेणी में अपना स्थान सुरक्षित करने की दिशा में अग्रसर है। ऐसे में एक जिम्मेदार शिक्षण संस्थान होने के नाते इस परिवार की भूमिकाएं अत्याधिक महत्व रखती हैं, इसलिए अब हमें नई स्फूर्ति एवं नए उद्देश्य, नए जोश तथा नव ऊर्जा के साथ कार्य करना होगा। तभी हम सफलता का इतिहास दोहरा पाएंगे, तथा नित नवीन कीर्तिमान स्थापित कर पाएंगे और इस नई बुलंदी के साथ अपने होने का एहसास करा पाएंगे। हम अपनी रजत जयंती इस वर्ष मना रहे हैं, तो हमारा उद्देश्य भी यही है कि हमारी सफलता की गूंज पूरे प्रदेश में हो, जो साल दर साल और तेज होती जाए। हम आपके सहयोग व प्यार के सदैव आकांक्षी हैं, तभी हम सिद्ध कर पायेंगे कि हम श्रेष्ठ थे, श्रेष्ठ हैं एवं श्रेष्ठ ही रहेंगे।

**डॉ. रचित अग्रवाल**
**डॉयरेक्टर**

### परीक्षा परिणामों ने दी सुखद अनुभूति



हमें विश्वास था कि हमारे होनहार कभी हमें निराश नहीं करेंगे और इस परिणाम को देखकर हमें जो खुशी की अनुभूति हो रही है मैं उसे शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकता। यह खुशी उन विश्वासों की है, उन प्रयासों की है जो आपने अपने परिणामों से सार्थक कर दिए हैं। आप सभी को सफलता की बहुत-बहुत बधाई। जो बच्चे अब बाहर जाकर अपनी उच्चतर शिक्षा प्राप्त करेंगे, उन्हें बस मैं यह कहना चाहता हूं कि कैंब्रिज कॉन्वेंट उनका अपना परिवार है। कभी किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता हो तो कैंब्रिज परिवार आपके साथ सदैव खड़ा मिलेगा। आपका आने वाला समय शुभ, सफल तथा संस्कारी हो, इसी आशीर्वाद के साथ आपका अपना

**विनायक अग्रवाल** (सह-डायरेक्टर)

### कैंब्रिज टीम को सफलता के लिए बधाई



मैं सभी बच्चों को सफलता की शुभकामनाएं देती हूं। आपकी यह सफलता कैंब्रिज की ही नहीं बल्कि आपके शिक्षकों की तथा माता-पिता की भी है, जिन्होंने आपके लिए दिन-रात मेहनत की है। मैं अपनी कैंब्रिज टीम को धन्यवाद देना चाहूंगी, जिन्होंने लगातार सफलता के लिए कार्य किया। किसी भी कार्य को पूर्ण होने में तब संशय नहीं होता है जब पूरा परिवार साथ हो और कैंब्रिज परिवार ने ऐसा कर दिखाया है। इसके साथ ही मैं सभी अभिभावकों को भी धन्यवाद देना चाहूंगी जिन्होंने अपना सहयोग व विश्वास बनाए रखा। सहयोग और विश्वास वह बल होता है जो सफलता की इमारत को खड़ा रखता है और हम अपने पूरे कैंब्रिज परिवार के साथ आपको विश्वास दिलाते हैं कि हम सदैव आपके सपनों को पूर्ण करने के लिए तत्पर रहेंगे।

**अनुश्रिता सिंह** (प्रिंसिपल)

### डॉक्टर बनना चाहते हैं स्कंद



पुवायां। कैंब्रिज कॉन्वेंट स्कूल पुवायां के कक्षा 12 के टॉपर स्कंद सिंह ने कहा कि अपनों का साथ और हौसला लक्ष्य की राह आसान बना देता है। स्कूल के सभी शिक्षक निरंतर मेहनत के लिए प्रेरित करते रहते थे। स्कूल के डॉयरेक्टर डॉ. रचित अग्रवाल समय-समय पर मार्गदर्शन देने के लिए कक्षा में आते रहे। सभी अनुभवी शिक्षकों ने समय की बाध्यता को ध्यान में नहीं रखा, बल्कि अपना सारा समय हमारी सफलता के लिए लगाया। इसके लिए वह सभी शिक्षकों के आभारी हैं। स्कंद सिंह एमबीबीएस कर देश सेवा कर अपना और अपने परिवार का नाम रोशन करना चाहते हैं। स्कन्द सिंह के पिता विमलेश सिंह शिशु वाटिका स्कूल में शिक्षक हैं और मां सीमा चौहान प्राथमिक स्कूल कुंवरपुर में शिक्षिका हैं।

### आईएएस बनना चाहती हैं पावनी



पुवायां। कैंब्रिज कॉन्वेंट स्कूल पुवायां के कक्षा 10 की टॉपर पावनी अग्रवाल ने अपनी सफलता के लिए अपनी मां हर्षी अग्रवाल और स्कूल के डॉयरेक्टर डॉ. रचित अग्रवाल, प्रिंसिपल अनुश्रिता सिंह और शिक्षकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह रास्ता आसान नहीं था, लेकिन सभी के मार्गदर्शन से उन्होंने यह सफलता प्राप्त की है। यह गुरूजनों का मार्गदर्शन ही है जो रिजल्ट के रूप में मेरे पास है। पावनी अग्रवाल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने बाबा स्व. विपिन कुमार अग्रवाल को देते हुए बताया उनके श्रेष्ठ मार्गदर्शन में उन्होंने सफलता प्राप्त की है। पावनी अग्रवाल विनायक अग्रवाल एवं हर्षी अग्रवाल की पुत्री हैं।


पियुष मिश्रा


अमन सिंह











## मेधावियों का सम्मान













## बस अड्डे पर खड़ी रहीं बसें, नहीं पहुंची सवारियां

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के चलते सोमवार को रोडवेज बस अड्डे पर सन्नाटा पसरा रहा। बसें सवारियों के इंतजार में खड़ी रही लेकिन सवारियां नहीं पहुंची।

स्थानीय रोडवेज डिपो में निगम की 112 बसें और 74 अनुबंधित बसें है। निगम की 24 बसें तथा 50 अनुबंधित बसें चुनाव डयूटी में गई है। सोमवार को लोकसभा चुनाव को लेकर बस अड्डे पर अन्य दिनों की अपेक्षा यात्रियों की भीड़ कम रही है। बस अड्डे पर सुबह आठ बजे सवारियों के इंतजार में बसें खड़ी हो गई। परिचालक आवाज देकर यात्रियों को बुला रहे थे। लेकिन दोपहर दो बजे बसें खाली थी। परिचालक बस में तीस सवारियां हो जाने से अपने गंतव्य स्थान के लिए रवाना हो जाते थे। तीन बजे के बाद यात्रियों की कुछ भीड़ बढ़ी। डिपो की आय अन्य दिन तीस लाख रुपये प्रतिदिन है। जबकि मतदान वाले दिन डिपो की आय 13 लाख रुपये हुई। इस प्रकार 17 लाख रुपये आय घट गयी है।

इधर स्टेशन डाउन लाइन की राज्यरानी तथा त्रिवेणी एक्सप्रेस में अन्य दिनों काफी भीड़ रहती थी। लेकिन सोमवार को मतदान वाले अन्य दिनों की अपेक्षा दोनों ट्रेनों में भीड़ कम रही है। जनरल टिकट के प्रभारी रामवदन ने बताया कि अन्य दिनों की अपेक्षा आय पर फर्क पड़ा है।

# एसएसएमवी के यश गुप्ता ने किया 12वीं में जिला टॉप

## रॉयन स्कूल की मुस्कान दूसरे और तीसरे पर रहे तक्षशिला के अमन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



रिजल्ट घोषित होने पर खुशियां मनाते एसएसएमवी के छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार



तक्षशिला पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं को चॉकलेट खिलाकर बधाई देते प्रधानाचार्य प्रखर खंडेलवाल।

**अमृत विचारः** सीबीएसई बोर्ड की 12वीं की परीक्षा में इस बार श्री शंकर मुमुक्षु विद्या पीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल (एसएसएमवी) के छात्र यश गुप्ता ने जिला टॉप किया है। यश गुप्ता ने 99 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं। इनके अलावा रॉयन इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा मुस्कान टंडन ने 98.2 फीसदी अंकों के साथ जिले में दूसरा, तक्षशिला पब्लिक स्कूल के अमन खंडूजा ने 97 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा, सेंट पॉल्स इंटर कॉलेज के प्रसून कुमार गंगवार ने 96.6 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में चौथा स्थान पाया है।



यश गुप्ता

इनके अलावा तक्षशिला स्कूल की गौरी ने 95.8 प्रतिशत, अर्जुन अग्रवाल ने 95.4 प्रतिशत, हर्षवर्धन ने 95 प्रतिशत, कैंब्रिज कांवेंट पुवायां के स्कंध सिंह ने 95.2 प्रतिशत, दि मसूरी इंटरनेशनल स्कूल के कृष्णा पांडेय ने 95 प्रतिशत, सेंट पॉल्स इंटर कॉलेज के अपूर्व कटियार ने 95.4 प्रतिशत, सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल के नैतिक गुप्ता ने 94.4 प्रतिशत, रूद्र यादव ने 92.2 प्रतिशत, रॉयन इंटरनेशनल स्कूल की अनुष्का सिंह ने 93.8 प्रतिशत, ध्रुव कुमार गुप्ता ने 93.4 प्रतिशत, एसएसएमवी के अभिनव रस्तोगी ने 94.8 प्रतिशत, केतन वर्मा ने 92.8 प्रतिशत, रुद्रांश आर शर्मा ने 92.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर गौरवान्वित किया।इसी तरह केंद्रीय विद्यालय-एक के आयुष सक्सेना ने 93.8 प्रतिशत, हर्ष सक्सेना ने 91.8 प्रतिशत, फातिमा खान ने 90.6 प्रतिशत, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल कांट की संस्कृति अग्रवाल ने 92 प्रतिशत, ध्रुव श्रीवास्तव ने 82.6 प्रतिशत, आदर्श यादव ने 82.2 प्रतिशत, संभव मिश्रा ने 81.8 प्रतिशत, जवाहन नवोदय स्कूल के मोहित गंगवार ने 95.6 प्रति., इला ने 94 प्रतिशत, पूर्वी ने 94 प्रतिशत, अपर्णा ने 89.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर परिवार का नाम रोशन किया।

### को-आर्डिनेटर राजीव मोहन ने दी बधाई



सीबीएसई बोर्ड के जिला को-आर्डिनेटर राजीव मोहन पांडेय ने बताया कि वर्ष 2024 की 10वीं की परीक्षा में 3318 और 12वीं की परीक्षा में 2646 समेत कुल 5964 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। उन्होंने छात्र-छात्राओं की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी को बधाई दी है। सभी शिक्षकों और प्रधानाचार्यों से मिले सहयोग के लिए आभार भी जताया है।

## रिजल्ट देखकर खुशी से उछल पड़े छात्र-छात्राएं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **निर्वाचन के दिन रिजल्ट आने से हैरत में पड़ गए स्कूल संचालक**

**अमृत विचारः** सीबीएसई बोर्ड ने लोकसभा निर्वाचन के दिन अप्रत्याशित रूप से 10वीं और 12वीं का एक साथ रिजल्ट घोषित कर सभी को हैरत में डाल दिया।

चूंकि अधिकांश कॉलेजों में मतदान केंद्र बनाए गए थे, इसलिए प्रधानाचार्यों और स्कूल संचालकों को परीक्षा परिणाम जानने के लिए बहुत परेशानी का सामना करना पड़ा। जहां-जैसे भी इंतजाम हुए वहां बच्चों को बुलाकर उन्हें रिजल्ट के बारे में जानकारी दी गई। रिजल्ट की स्थिति स्पष्ट होने के बाद छात्र-छात्राएं खुशी से उछल पड़े।

चूंकि सीबीएसई बोर्ड ने 20 मई के बाद रिजल्ट घोषित होने की संभावना जताई थी, इसलिए सभी छात्र-छात्राएं और प्रधानाचार्य-स्कूल संचालक निश्चिंत थे।

इधर, 13 मई को चौथे चरण का मतदान चल रहा था कि अचानक दोपहर को पहले 12वीं कक्षा का रिजल्ट घोषित हुआ और बाद में 10वीं का भी परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। रिजल्ट आने की सूचना से स्कूल संचालक और प्रधानाचार्य हैरत में पड़ गए। आनन-फानन में शिक्षकों को फोन कर बुलाया गया। अब समस्या उन स्कूलों के सामने खड़ी थी, जहां पोलिंग बूथ बनाए गए थे।

स्कूलों में पोलिंग पार्टियों के अलावा पुलिस बल भी तैनात था, जिस कारण और भी संकट खड़ा हो गया। जैसे-तैसे कुछ स्कूलों में 12वीं का रिजल्ट निकाला गया। इससे पहले कि प्रधानाचार्य और शिक्षक राहत की सांस ले पाते कि 10वीं का भी रिजल्ट घोषित कर दिया गया। नेट स्लो चलने के कारण 10वीं का रिजल्ट डाउनलोड होने में दिक्कत का सामना करना पड़ा।

## 10वीं में कैंब्रिज पुवायां की पावनी ने किया टॉप

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** सीबीएसई बोर्ड की 10वीं की परीक्षा में भी छात्र-छात्राओं ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। कैंब्रिज कांवेंट पुवायां की पावनी अग्रवाल ने 98.2 प्रतिशत अंक लेकर जिले में टॉप किया है।



पावनी अग्रवाल

तक्षशिला पब्लिक स्कूल के इंदरवीर ने 97.4 प्रतिशत और शौर्य गुप्ता ने भी 97.4 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा तथा अर्शिता और नावांश अग्निहोत्री ने 97.2 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से तीसरा स्थान पाया है। इसी स्कूल के अथर्व मेहरोत्रा ने 97 प्रतिशत, सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल की श्रेया गंगवार ने 96.8 प्रतिशत, प्रथम पांडेय ने 95.8 प्रतिशत, दिशा जैन ने 93.2 प्रतिशत, सेंट पॉल्स इंटर कालेज की बुतूल जैदी ने 94.2 प्रतिशत, लक्ष्य श्रीवास्तव ने 93.2 प्रतिशत, महरोज तरन्नुम ने 93.2 प्रतिशत, एसएसएमवी के श्लोक खन्ना ने 95 प्रतिशत अंक अर्जित कर गौरवान्वित किया।

### रोजी स्कूल के बच्चों ने बढ़ाया मान

शाहजहांपुर। रोजी पब्लिक स्कूल जलालाबाद में 10वीं के छात्र आयुष प्रताप सिंह ने 94 .2 प्रतिशत, अनन्या चौहान ने 93 .8 प्रतिशत, दीपांशी ने 93 .4 प्रतिशत, एकता सिंह ने 91 .2 प्रतिशत, महिका खान ने 89 .4 प्रतिशत अर्जित कर स्कूल को गौरवान्वित किया। स्कूल के डायरेक्टर राजीव मोहन पांडेय ने बताया कि 10वीं की परीक्षा में उन्नति पांडेय ने 95 .6 प्रतिशत, आयुष वर्मा ने 95 प्रतिशत, अमीषा कठेरिया ने 91 .6 प्रतिशत, शिवम यादव ने 91 .6 प्रतिशत और सार्थक कुमार ने 91 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिवार को नाम रोशन किया।

# कैंब्रिज पुवायां के छात्र-छात्राओं ने लहराया सफलता का परचम

कार्यालय संवाददाता, पुवायां/शाहजहांपुर

● **डायरेक्टर, प्रबंधक और प्रधानाचार्य ने होनहार बच्चों को फूल मालाएं पहनाकर खिलाई मिठाई**




खुशियां मनाते कैंब्रिज कांवेंट पुवायां के बच्चे। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** कैंब्रिज कॉन्वेंट पुवायां के छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल और परिवार का नाम रोशन किया है। सोमवार को परिणाम घोषित होते ही बच्चों में खुशी की लहर दौड़ गई। स्कूल के डायरेक्टर रचित अग्रवाल, प्रबंधक विनायक अग्रवाल और प्रधानाचार्य अनुश्रिता सिंह ने होनहारों को फूल मालाएं पहनाकर और मिठाई खिलाकर बधाई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

10वीं की परीक्षा में विद्यालय की छात्रा पावनी अग्रवाल ने 98.2 प्रतिशत एवं 12वीं में स्कन्ध सिंह ने 95.2 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने का गौरव प्राप्त किया। इसी तरह 12वीं में अनमोल कुमार ने 93.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर एवं मधुसूदन मिश्रा ने 90.2 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। 10वीं की परीक्षा में भी दिव्यांशी 96 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं आद्या दीक्षित 95.8 प्रतिशत के साथ तृतीय, अर्णव सिंह 95.4 प्रतिशत के साथ चतुर्थ एवं रूपनदीप कौर 95 प्रतिशत अंकों के साथ पांचवां स्थान पाया। डायरेक्टर रचित अग्रवाल, प्रबंधक विनायक अग्रवाल समेत शिक्षकों ने सफल हुए छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर और मिष्ठान खिलाकर भविष्य में इसी तरह आगे बढ़ने का आशीर्वाद प्रदान किया गया। छात्र- छात्राओ ने एक-दूसरे के गले मिलकर और पटाखे चलाकर खुशियां मनाईं। बच्चों के साथ उनके माता-पिता ने भी खूब जश्न मनाया। विद्यालय की को-ऑर्डिनेटर सुरेखा दीक्षित, राहुल देव, अर्शी खान, मयंक शुक्ला, इकबाल, रामपाल गंगवार, दीपक कश्यप समेत बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे। इस मौके पर डायरेक्टर रचित अग्रवाल ने कहा कि बच्चों के कठिन परिश्रम एवं लगन ने उन्हें सकारात्मक सफलता प्रदान की है। छात्रों के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करने कैम्ब्रिज परिवार के संस्थापक स्मृतिशेष विपिन अग्रवाल का सपना साकार होता हुआ नजर आ रहा है।

### स्कंध और पावनी ने बढ़ाया पुवायां का मान

12वीं कक्षा के होनहार छात्र स्कंध सिंह ने कहा कि अपनों का साथ और हौसला लक्ष्य की राह आसान बना देता है। विद्यालय के सभी शिक्षक निरंतर मेहनत के लिए प्रेरित करते हैं। स्कूल के डायरेक्टर रचित अग्रवाल और प्रधानाचार्य का मार्गदर्शन काम आया है। वह एमबीबीएस करके एक सफल चिकित्सक बनना चाहते हैं। स्कंध के पिता विमलेश सिंह और माता सीमा चौहान शिक्षक हैं। इसी तरह 10वीं की टॉपर पावनी अग्रवाल ने अपनी सफलता का श्रेय मां तथा स्कूल के डायरेक्टर रचित अग्रवाल तथा प्रिंसिपल अनुश्रिता सिंह को दिया है।

सुपर स्पेशलिटी विभाग
VAMCRH SHAHJAHANPUR
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, शाहजहाँपुर द्वारा संचालित
शाहजहाँपुर में एक मात्र संस्थान जहाँ एक ही छत के नीचे सारे समाधान
अस्पताल में उपलब्ध सुपर स्पेशलिटी विभाग
यूरो सर्जरी विभाग
न्यूरो सर्जरी विभाग
पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग
प्लास्टिक सर्जरी विभाग
OPD का समय- प्रातः 9:00 बजे से अपरान्ह 3:00 बजे तक
परामर्श शुल्क पर 80% की छूट ₹1000 ₹200
24 घंटे उपलब्ध सुविधायें I.C.U., M.R.I., CT-Scan की सुविधा उपलब्ध
दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
• आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर निःशुल्क इलाज की सुविधा।
• पं. दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा।
• ई.सी.एच.एस. कार्डधारकों के लिये कैशलेस इलाज की सुविधा।
परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा मात्र 200 रुपये में 1 वर्ष के लिये उपलब्ध है।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :- 7521001988, 7521001989

## इंजीनियरिंग की ओर कदम बढ़ा चुका है टॉपर यश



टॉपर यश गुप्ता को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाते माता-पिता।

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** सीबीएसई बोर्ड की 12वीं की परीक्षा में 99 प्रतिशत अंकों के साथ जिला टॉप करने वाले यश गुप्ता ने इंजीनियर बनने की ओर कदम बढ़ा रखा है। श्री शंकर मुमुक्षु विद्यापीठ (एसएसएमवी) के होनहार छात्र यश ने जेईई मेंस की परीक्षा 98.46 परसेंटाइल के साथ उत्तीर्ण कर ली है। उनके पिता मनोज कुमार गुप्ता अजीजगंज में फुटवियर की दुकान चलाते हैं और मां सोनी गुप्ता गृहणी हैं। यश का छोटा भाई सूर्यांश 9वीं कक्षा का छात्र है।

यश गुप्ता बताते हैं कि उन्हें पढ़ाई के अलावा क्रिकेट, फुटबाल, वॉलीबाल खेलने का भी शौक है। स्कूल के अलावा वह घर पर 5-6 घंटे सेल्फ स्टडी करते थे। उनके मैथ में 100, कैमेस्ट्री, इंग्लिश और योगा में 99-99 तथा फिजिक्स में 98 अंक मिले हैं। वह देश को विकसित होते देखना चाहते हैं। बताया वह इंजीनियर बनकर मम्मी-पापा का सपना पूरा करना चाहते हैं। वह अपनी कामयाबी में स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ. मेघना मेहंदीरत्ता और शिक्षकों का कुशल मार्गदर्शन मानते हैं।

# यंगस्टर ने डत्साह से डाला पहला वोट

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **मतदान के बाद ईवीएम की आवाज सुन हर्षाए युवा**

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में पहली दफा वोट डालने के लिए युवाओं में खासा उत्साह दिखा। हाथ में आईडी लेकर परिवार के सदस्यों के साथ निकले युवाओं ने वोट डालकर अपना धर्म और राष्ट्र के प्रति अपना फर्ज निभाया। पहली बार मतदान करने के लिए निकले युवाओं के चेहरे खुशी से चमक रहे थे। पूछने पर बताया कि जैसे ही ईवीएम का बटन दबाकर वोट डाला, वैसे ही कुछ सेकेंड के बाद आवाज कानों में सुनाई पड़ी, जो अलग अनुभव देने वाली थी। खुशी से गदगद कई युवा तो उंगली में लगी स्याही दिखाते हुए बोले कि मैंने भी वोट डाला है।



मोहल्ला बक्सरियां निवासी अनिल अवस्थी और वर्षा अवस्थी की बेटी रिया अवस्थी ने भी पहली बार वोट डाला है। रिया वोट डालकर खिलखिलाते हुए बूथ से बाहर निकली और अपने बाएं हाथ की उंगली दिखाते हुए बोली की पड़ गया वोट। यह बहुत ही खुशी का दिन है।



शहर के मोहल्ला घूरनतलैया निवासी नितिन खन्ना की बेटी गौरी खन्ना कहती हैं कि वोट डालने के लिए घर से निकले तो अजीब सी खुशी हो रही थी। वोट डालकर प्राउड फील हो रहा था। आखिर देश का पर्व है, जो गर्व महसूस करा रहा है। बहुत अच्छा लगा।



कटिया-टोला निवासी श्रद्धा त्रिपाठी ने परिवार के सदस्यों के साथ रोटी गोदाम स्कूल बूथ पर वोट डाला। वह कहती हैं कि हमारे वोट से ही तो अच्छी सरकार बनती है, इसलिए वोट देना सभी के लिए बहुत जरूरी है। पहली बार वोट देकर बहुत अच्छा लगा। ईवीएम की आवाज सुरीली थी।



घूरन तलैया निवासी संजय सक्सेना की बेटी अंशिका सक्सेना ने लोकसभा चुनाव में पहली बार वोट दिया है। अंशिका कहती हैं कि वह देश को विकसित होते देखना चाहती हैं। युवाओं को अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए राष्ट्र के विकास के लिए वोट देना चाहिए। यह हमारा अधिकार है।



बाडूजई द्वितीय निवासी कन्हैया लाल की बेटी मानसी ने भी पहली बार मताधिकार का प्रयोग किया। कहने लगी कि वोट बना है तो मतदान भी करना जरूरी था, इसलिए अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए वोट दिया। यह देश का पर्व है, सो घर वालों के साथ वोट देने निकल पड़े। अच्छा भी लगा।



बाडूजई निवासी कन्हैया लाल के बेटे हर्षित कुमार ने भी पहली बार वोट दिया है। बहन मानसी की ओर देखते हुए हर्षित कहने लगे कि घर से निकलते वक्त ही खुशी का अनुभव हो रहा था। उंगली पर स्याही लगते ही जिम्मेदारी का अहसास हुआ। पहली बार ईवीएम देखने को भी मिली।



स्वाती मिश्रा ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन में पहली बार वोट दिया। वोट डालकर अपने मतदेय स्थल से बाहर निकलते समय स्वाति खुशी से फूली नहीं समा रही थी। अपनी आईडी और उंगली पर लगी अमिट स्याही दिखाते हुए बोली कि राष्ट्र के लिए अपना फर्ज निभाया है।

### घोड़े पर सवार होकर मतदान करने पहुंचे युवा

**शाहजहांपुर।** अब दौर लग्जरी वाहनों और हाई स्पीड बाइकों का है। इस के बीच यदि कोई घुड़सवारी करता नजर आ जाए तो अपने आप में अलग नजारा दिखता है। रविवार को जिले में मतदान संपन्न कराया जा रहा था। इस दौरान निगोही क्षेत्र के गांव रामनगर निवासी सुरजीत सिंह वर्मा और शिवम वर्मा मतदान के लिए घोड़े पर सवार होकर गांव से दो किलोमीटर संडा खास में मतदान करने पहुंचे, जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गए। मतदान करने पहुंचे लोग और चुनाव ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मी दोनों को देखते रहे।



घोड़े पर बैठ मतदान करने के लिए जाते युवा।

MAXLIFE SUPERSPECIALITY HOSPITAL & FAHMY IVF CENTRE
मैक्सलाइफ
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड फहमी आई.वी.एफ. सेन्टर
मालियों और ईसाइयों की पुलिया के बीच में, सिन्धू नगर, बरेली
डॉ. अनीस बेग
M.B.B.S., D.C.H.
Child Specialist
नवजात शिशु एवं सिरीयस बच्चों के विशेषज्ञ आधुनिक नर्सरी वेंटीलेटर सी. पैप
डॉ. फैहमी खान
M.B.B.S, D.G.O D.M.A.S., F.M.AS Gynaecologist
IVF Specialist Fellowship in Laparoscopy
स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. अरशद
M.B.B.S., M.S., (Fmas)
Laparoscopic Surgeon
डॉ. दीपक कुमार
M.B.B.S., M.S., MCH
न्यूरोसर्जन
दिमाग व रीढ़ की हड्डी के सर्जन
डॉ. फहद बिन हामिद
D. Ortho, DNB (Ortho)
Trauma, Joint Replacement
Arthoscopy & Sports Injury Specialist
डॉ. शरद खंडेलवाल
MBBS MS (Gen.Surgery)
Mch. (Plastic Surgery)
Cosmetic Hair Transplant.
Microvascular Reconstructive Surgeon
डॉ. मो. जावेद
M.B.B.S., M.D., Physician
ब्लड प्रेशर शुगर एवं पेट रोग विशेषज्ञ
FACILITIES
•CATHLAB
•ICU
•CCU
•ANGIOPLASTY
•NICU
•ECHO TMT
•ANGIOGRAPHY
•HDU
•PACEMAKER
•DIALYSIS
•VENTILATOR
मॉडयूलर ऑपरेशन
लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
एडवांस आई.सी.यू.
एडवांस एन.आई.सी.यू.
कैथ लैब
EMERGENCY 24 HOURS
Contact :
0581-2990926
0581-2990928

# देर रात तक ईवीएम जमा करने को मशक्कत करते रहे मतदान कर्मी

## रोजा मंडी में जमा की गई ईवीएम और मतदान प्रपत्र



टेबिल पर ईवीएम जमा करते पीठासीन अधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, रोजा

अमृत विचारः सोमवार को मतदान के बाद रोजा मंडी में ईवीएम जमा करने के लिए पोलिंग पार्टियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। ईवीएम और मतदान सामग्री के थैले जमा करने का सिलसिला देर रात तक चलता रहा।

निर्वाचन पूरा कराने के बाद पोलिंग पार्टियां रोजा मंडी पहुंचनी शुरू हो गई थीं। मंडी परिसर में चारों ओर लगभग सभी मार्गों के दोनों ओर जमीन पर बैठे मतदान कार्मिक मतदान प्रपत्र भरते देखे गए। तमाम कार्मिक मोमबत्ती जलाए लिफाफे सील करते रहे, तो बड़ी संख्या में पीठासीन अधिकारी कागजात दुरूस्त करने के बाद ईवीएम और थैले निर्धारित विधानसभा काउंटर पर जमा करने को धक्का-मुक्की करते रहे।

काफी मशक्कत के बाद विधानसभावार ईवीएम जमा की जाती रहीं। ईवीएम जमा करने के लिए जिला प्रशासन ने कटरा, तिलहर, पुवायां, जलालाबाद, नगर व ददरौल क्षेत्र की अलग-अलग काउंटर लगाए थे।

### हाईवे पर लगा रहा जाम

मतदान के बाद पोलिंग पार्टियां रोजा मंडी समिति स्थित वेयर हाउस पहुंची। पोलिंग पार्टियों को लाने वाले वाहनों से पुराने हाईवे पर जमावड़ा लगता रहा। वाहनों की लंबी कतारें हाईवे पर लगती रहीं। हालांकि ट्रैफिक पुलिस लगातार वाहनों को पास कराने का प्रयास करती रहीं, लेकिन वाहनों की संख्या बढ़ते रहने के चलते समस्या गहराती चली गई। प्रशासन ने गैर जनपदों से आई बसों को रेलवे मैदान में खड़ा करवाने का प्रबंध किया था, लेकिन वाहन चालकों की मनमानी से जाम की स्थिति बनी रही।

# हर चुनाव यही होता आया है हमारे साथ ...

संवाददाता, रोजा

अमृत विचारः रविवार को मतदान कराने के लिए प्रशासन ने दमखम के साथ कार्मिकों को बसों से केंद्रों पर पहुंचाया और मतदान के बाद सभी को उनके मतदेय स्थलों से लाकर रोजा मंडी पहुंचा दिया। लेकिन हर चुनाव की तरह इस बार भी जिला प्रशासन ने रोजा मंडी से अपने कर्मचारियों को शहर तक पहुंचाने की कोई व्यवस्था नहीं की। थके-हारे हजारों महिलाएं-पुरुष ईवीएम जमा कराने के बाद आधी रात के बाद तक पैदल ही अपने घर का सफर तय करते देखे गए। जबकि नगर निगम के पास ही कई इलेक्ट्रिक बसें है, जिनकी मदद से कर्मचारियों को कम से कम शहर के किसी न किसी हिस्से तक पहुंचाया जा सकता था।



ईवीएम जमा करने जाती पोलिंग पार्टी। ● अमृत विचार

चुनाव बाद कर्मचारियों को होने वाली इस परेशानी की जानकारी आला अधिकारियों को थी, इसके बावजूद बसों की कोई व्यवस्था नहीं की गई। तमाम कर्मचारियों का कहना था कि वह बस का किराया देकर आसानी से घर आ सकते थे, लेकिन जिला प्रशासन ने अपना काम लेकर उन्हें लावारिस हाल में छोड़ दिया। कर्मचारियों का कहना था कि वैसे भी यह कोई नई बात नहीं, हर चुनाव में प्रशासन का ऐसा ही व्यवहार होता आया है। उनका कहना था कि अगर प्रशासन उनकी परेशानी को समझता तो रात में रोजा मंडी से शहर तक पांच-दस किलोमीटर पैदल सफर तय नहीं करना पड़ा।



सड़क पर दोपहर में पसरा सन्नाटा। ● अमृत विचार

### शहर में दोपहर को कर्फ्यू जैसा माहौल रहा

**शाहजहांपुर।** शहर में सभी दुकानें बंद रही और मतदान केंद्र के आस-पास दुकानें खुली थी, उनको भी पुलिस ने बंद करा दिया था, जिससें यहां भीड़ न जमा हो सके। दिन में 11 बजे तक सड़कों पर कुछ रौनक दिखाई दी। उसके बाद सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। लालइमली चौराहा से तेल टंकी रोड, कचहरी रोउ, गोविंबगंज रोड, बहादुरगंज रोड, लालइमली चौराहा से घंटाघर रोड, चारखंभा से पुराना जिला अस्पताल रोड पर सन्नाटा पसरा हुआ था और कफ्रयू जैसा माहौल लग रहा था। सड़कों पर पुलिस की गाड़िया दौड़ती नजर आ रही थी। सदर बाजार, चौक कोतवाली, रामचद्र मिशन तथा रोजा थाना गेट पर हेलमेट लगाए पुलिस फोर्स रिजर्व में तैनात था। कुछ स्थानों पर बच्चे सड़क पर क्रिकेटर खेलते नजर आए।

### खाकी की सख्ती से दूर रही भीड़

**शाहजहांपुर।** केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था चौकस थी। मतदान केंद्र से कार्यकर्ता करीब तीन सौ मीटर दूर खड़े दिखाई दिए। अधिकारियों के वाहन आने पर लोगों की खड़ी भीड़ इधर-उधर हो जाती थी। मालगोदाम रोड पर रेलवे अस्पताल, सरस्वती स्कूल आवास विकास कॉलोनी, जीआईसी, सुदामा प्रसाद स्कूल, इस्लामियां इंटर कालेज, तहसील सदर मतदान केंद्र से कुछ दूरी पर भीड़ खड़ी थी। पुलिस अधिकारियों ने भीड़ से कहा कि वोट पड़ गया है तो अपने घर जाए।






### किशोरी को किया अगवा, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** जलालाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने बताया कि छह मई को दिन में तीन बजे उसकी पुत्री 16 वर्षीय घर से निकली थी, जो शाम तक वापस नहीं आई। परिवार वालों ने उसकी तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला। दूसरे दिन पता चाला कि प्रेम उसकी पुत्री को गांव का प्रेम अगवा करके ले गया है। उसकी बेटी को अगवा करने में अन्य लोगों का सहयोग है। पुलिस ने प्रेम, धर्म सिंह, ओमपाल, नेमपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

### घर के दरवाजे पर बंधी बकरियां चोरी

**भावलखेड़ा।** रामदत्त पंचायत इंटर कॉलेज के पीछे रहने वाले उमाकांत की दो बकरियां घर बाहर पडे छप्पर में बंधी थीं। वह लोग वोट डालने रामदत्त पंचायत इंटर कॉलेज गए हुए थे। जब मतदान करके घर वापस आए तो वहां बकरियां नहीं मिलीं। उमाशंकर बताते हैं पड़ोसियों से जानकारी की, लेकिन कुछ पता नहीं चला।






